भागीरथी बाल शिक्षा सदन सैकेण्डरी स्कूल

कक्षा - आठवीं

विषय - हिन्दी व्याकरण

वर्ण ⇒ मुख से निकली हुई ध्वनियों का लिखित रूप वर्ण कहलाता है जैसे - क, ख, ग, अ, आ आदि। वर्ण भाषा की वह सबसे छोटी इकाई होती है जिनके और खंड (टुकड़े) नहीं किए जा सकते जैसे ⇒ र + अ + क् + ष् + अ + क् + अ = रक्षक

हिंदी में कुल 52 वर्ण हैं।

वर्णमाला ⇒ "वर्णमाला" शब्द 'वर्ण' + 'माला' शब्दों के मेल से बना है, जिसका अर्थ है वर्णों का समूह।

वर्णों के दो भेद

- स्वर
- व्यंजन

स्वर ⇒ जिन वर्णों का उच्चारण किसी अन्य वर्ण की सहायता के बिना किया जाता है वे स्वर कहलाते हैं। हिंदी में ग्यारह (11) स्वर होते हैं - अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, तथा औ

स्वरों के भेद

- ह्रस्व स्वर
- दीर्घ स्वर
- प्लुत स्वर

स्वरों की मात्राएँ ⇒ शब्दों को लिखने में स्वर दो रूपों में प्रयोग होता है।

(1) - अपने मूल रूप में (2) मात्रा के रूप में

जैसे ⇒ च् + आ (ा) = चा, च् + ई (ी) = ची।

लिखने में व्यंजन के साथ स्वर का जो रूप मिला होता है, उसे स्वर की मात्रा कहते हैं। स्वर की मात्राएँ निम्न हैं

अ (ँ) आ (ा) इ (ि) ई (ी) उ (ु) ऊ (ू)

ऋ (ृ) ए (े) ऐ (ै) ओ (ो) औ (ौ)

कृ० पृ० प०

Scanned with CamScanner

- अ की मात्रा नहीं होती, अ सभी व्यंजनों में होता है,
- उ तथा ऊ स्वर की मात्राओं का प्रयोग व्यंजनों के नीचे किया जाता है लेकिन र में ये मात्राएँ आगे लगाई जाती हैं, जैसे - र + उ (रु) = रुचि
  र + ऊ (रू) = रूमाल
- ऋ शब्द का उच्चारण 'रि' की तरह होता है, इसका प्रयोग संस्कृत से हिंदी में आए तत्सम शब्दों में होता है, जैसे - ऋषि, ऋण आदि,

अभ्यास कार्य

प्रश्न1 वर्ण किसे कहते हैं? वर्ण के कितने भेद होते हैं?

प्रश्न2 स्वर की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए?

प्रश्न3 स्वर के कितने भेद होते हैं? नाम सहित लिखो?

प्रश्न4 हिंदी में कितने स्वर होते हैं?

प्रश्न5 स्वरों की मात्राओं की सहायता से कुछ नए शब्द बनाकर लिखिए,

Scanned with CamScanner